**Details of Activities held under Udhmita Pakhwada by EDC, Govt. College Alewa (Session: 2025-26)**

Activity 1

Name of Activity: Extension Lecture

Date: 21-08-2025

Students Participated: 92

दिनांक 21 अगस्त 2025 को विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय अलेवा में उद्यमिता विकास क्लब के तहत एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. सुनीता दुग्गल ने की और संचालन EDC इंचार्ज श्रीमती वैशाली हुड्डा द्वारा किया गया। वाणिज्य विभाग से डॉ. नीलम और डॉ. सोनिया ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को उद्यमिता कौशल, नवाचार, जोखिम उठाने की क्षमता, समस्या समाधान और नेतृत्व जैसे गुणों के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने सफल उद्यमियों की प्रेरणादायक कहानियाँ साझा करते हुए बताया कि उद्यमिता केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और समाज में नए अवसरों के सृजन का माध्यम है। व्याख्यान में स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। अंत में प्राचार्या ने विद्यार्थियों को "रोजगार पाने वाले" से "रोजगार देने वाला" बनने की प्रेरणा दी। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।



Activity 2

Name of Activity: Slogan Writing Competition

Date: 23-08-2025

Students Participated: 12

दिनांक 23 अगस्त 2025 को राजकीय महाविद्यालय अलेवा में "Entrepreneurship Pakhwada" के अंतर्गत उद्यमिता विकास क्लब (EDC) द्वारा नारा लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्या श्रीमती वीना कुमारी की अध्यक्षता में एवं प्रभारी श्रीमती वैशाली हुड्डा के मार्गदर्शन में कक्ष संख्या 106 में दोपहर 2 बजे हुआ, जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के विषय उद्यमिता, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप्स, कौशल विकास और रोजगार सृजन से संबंधित रहे। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना जगाना और आत्मनिर्भरता व कौशल विकास के प्रति प्रेरित करना था। छात्रों ने अपने रचनात्मक नारों से उद्यमिता के महत्व को रेखांकित किया। अंत में प्राचार्या ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उद्यमिता को राष्ट्र निर्माण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में उप प्राचार्या श्रीमती सुनीता दुग्गल, श्रीमती निधि गुप्ता, डॉ. नीलम रानी, डॉ. उषा और डॉ. राहुल हुड्डा की उपस्थिति रही।



Activity 3

Name of Activity: Idea Generation Activity

Date: 27-08-2025

Students Participated: 14

दिनांक 27 अगस्त 2025 को राजकीय महाविद्यालय अलेवा में उद्यमिता पखवाड़ा के तहत एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट क्लब (EDC) द्वारा “विचार सृजन गतिविधि (Idea Generation Activity)” का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्या श्रीमती सुनीता दुग्गल की अध्यक्षता एवं प्रभारी श्रीमती वैशाली हुड्डा के नेतृत्व में कक्ष संख्या 106 में दोपहर 12 बजे आरंभ हुआ, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उद्यमिता से जुड़े नवीन और उपयोगी विचार प्रस्तुत किए। छात्रों ने कम लागत, तकनीकी, सामाजिक कल्याण और आधुनिक जीवनशैली से संबंधित अनेक रचनात्मक विचार साझा किए, जैसे ऑनलाइन ट्यूशन, मोबाइल ऐप डेवलपमेंट, महिला सशक्तिकरण और फिटनेस सेवाएँ। प्रमुख प्रतिभागियों में बी.कॉम और बी.एससी. वर्गों की छात्राएँ काजल, निकिता, राधिका, अनु, वंदना, निक्की, ममता और दीक्षा शामिल रहीं। अंत में प्राचार्या ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि युवा अपने नए विचारों और नवाचारों से समाज एवं राष्ट्र को प्रगति की दिशा में अग्रसर कर सकते हैं। यह गतिविधि छात्रों की रचनात्मकता, नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने में अत्यंत सफल रही।



Activity 4

Name of Activity: Debate Competition

Date: 04-09-2025

Students Participated: 78

दिनांक 04 अगस्त 2025 को राजकीय महाविद्यालय अलेवा में "उद्यमिता पखवाड़ा" के तहत उद्यमिता विकास क्लब (EDC) द्वारा वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्या श्रीमती निधि गुप्ता ने की और संचालन प्रभारी श्रीमती वैशाली हुड्डा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने “उद्यमिता : आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला”, “स्टार्टअप्स : युवाओं का भविष्य” और “महिला उद्यमिता : आत्मनिर्भर समाज की कुंजी” जैसे विषयों पर उत्साहपूर्वक अपने विचार रखे। प्रतिभागियों ने उद्यमिता को आत्मनिर्भरता, रोजगार सृजन और आर्थिक प्रगति का माध्यम बताते हुए नवाचार, जोखिम उठाने की क्षमता और सकारात्मक सोच को सफलता की कुंजी बताया। निर्णायक मंडल में डॉ. सोनिया, डॉ. राहुल हुड्डा और डॉ. मनोज शामिल रहे। परिणामस्वरूप बी.कॉम प्रथम वर्ष की काजल ने प्रथम, बी.ए. द्वितीय वर्ष की रेनू ने द्वितीय और अंजली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ छात्रों में आत्मविश्वास, नवाचार और उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करती हैं।

